तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 प्रेक्षक प्रेम कुमार ने किया थानखम्हरिया व दाढ़ी दावा आपत्ति...


10 अर्ली वैरायटी के धान की फसल तैयार, बेचने के ...


# सड़कों पर मवेशियों का राज, आवागमन में परेशानी, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर चौराहों तक दिन-रात मवेशियों का डेरा लगा हुआ है। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाने प्रशासन की कार्रवाई शिथिल है, जिससे न सिर्फ लोगों को आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका जहां बनी हुई है। वहीं, बीते दिनों सड़क पर बैठे मवेशियों के चलते आम आदमी की मौत हो चुकी है। नेशनल हाईवे रायपुर जबलपुर हो या फिर बेमेतरा, दुर्ग मार्ग के दो चार किमी पर मवेशियों का डेरा सड़क पर नजर आ जायेगा।

■ मवेशियों को भी पहुंच रहा नुकसान

## जिम्मेदारों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे राहगीर





नेशनल हाईवे सर्विस लेन से लेकर प्रमुख मार्ग और चौराहों पर इन दिनों मवेशियों का जमघट बना हुआ है, जिससे चौराहों का नजारा किसी खटाल से अलग नहीं है। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस ले जाने संबंधित नगर पालिका द्वारा चलाया जाने वाला अभियान भी नजर नहीं आ रहा है।

**धरपकड़ अभियान ठंडा:** पूर्व में प्रशासन द्वारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया था, परंतु वर्तमान में यह अभियान लोगों को नजर नहीं आ रहा है। मवेशियों के सड़क पर घूमने वाली जगह बनी रहने से लोगों को आवागमन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

### बनी रहती है दुर्घटनाओं की आशंका

खासकर रात के समय ग्रामीण अंचलों को जोड़ने वाली सड़कों सहित शहर के मुख्य मार्गों पर मवेशियों की उपस्थिति से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पूर्व में कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। बताया जाता है कि शहर के मवेशियों के अलावा आसपास के ग्रामीण इलाकों से भी मवेशी शहर पहुंच रहे हैं। यही वजह है कि इन दिनों बड़ी संख्या में मवेशियों का जमघट शहर के विभिन्न स्थानों व मार्गों पर नजर आने लगा है। मवेशियों के सड़क पर होने से लोगों को आवागमन करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो वाहन चालकों को वाहन से उतरकर मवेशियों को सड़क से हटाना पड़ जाता है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य कर्मचारी बंद करेंगे ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य

**बेमेतरा।** जिला के स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मंगलवार से सभी ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य बंद करने की सूचना दी है। इससे जिले में संचालित लगभग 150 उप स्वास्थ्य केंद्र, 20 प्राथमिक, 4 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 1 ज़िला अस्पताल में कार्यरत समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और समस्त महिला-पुरुष पर्यवेक्षक ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार कर अपना मूल कार्य करेंगे। ज़िला मीडिया प्रभारी रेवेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि पूर्व में कर्मचारियों से मूल कार्य के अतिरिक्त कराए जा रहे ऑनलाईन डाटा एंट्री के संबंध में होने वाली समस्याओं को 15 बिंदुओं में अवगत कराते हुए 15 दिवस में चर्चा कर निराकरण करने संबंधी मांग की गई थी। समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण जिले के समस्त ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों ने मंगलवार को समस्त प्रकार के ऑनलाईन डाटा एंट्री कार्य बंद किया जाएगा।

### मतदाता सूची में कोई त्रुटि हो तो 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन करते हुये दावा आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर में 01 सप्ताह की वृद्धि करते हुये अंतिम तिथि 30 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक कर दी गई है। आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दावा आपत्तियां का निपटारे का अंतिम तारीख तथा प्रपत्र क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 8 नवम्बर तक निर्धारित की गई है। प्रपत्र क-1 में दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि 12 नवम्बर निर्धारित की गई है। दावा आपत्तियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर होगी। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 27 नवम्बर को किया जाएगा।

### 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** पुलिस ने अवैध हाथ भट्टा निर्मित कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम पोपलाटोला के आनंद कुमेटी के घर बाड़ी झोपड़ी में ग्राम सोरली (गोटाटोला) के रहने वाले उसके दामाद परमेश्वर दुग्गा हाथ भट्टा निर्मित कच्ची महुआ शराब रखकर बेच रहा है। सूचना पर छापामार कर आरोपी परमेश्वर के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब की कीमत 6000 रूपए आंकी गई है। साथ ही नकदी सहित 6800 रूपए को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी वीणा यादव, सहायक उप निरीक्षक अनित यादव, टेमन लाल राणा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आरोप : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने की जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

# श्री राम मंदिर जमीन खरीदी-बिक्री मामले की हो निष्पक्ष जांच : बैज

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया है कि भाजपा सांसद के प्रतिनिधि ने जिस तरह से श्री राम मंदिर की जमीन को खरीद कर करोड़ों रुपए कमाकर बेचा है। यह भाजपा की कथनी और करनी को दर्शाता है। यह अत्यंत ही खेद जनक है। यह लोगों की जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। इस मामले की निष्पक्ष रूप से जांच होनी चाहिए। अपराधियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग प्रदेश कांग्रेस कमेटी करती है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज कवर्धा दौरे के बीच बेमेतरा राम मंदिर प्रांगण में जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा द्वारा जारी अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर पहुंचे। पीसीसी अध्यक्ष ने श्री राम मंदिर ट्रस्ट भूमि क्रय-विक्रय के संबंध में कांग्रेस जनों से जानकारी ली। श्री बैज ने कांग्रेसजनों द्वारा राम मंदिर की भूमि रक्षा के लिए किए जा रहे आंदोलन की सराहना की तथा आवश्यकता पड़ने पर इस मुद्दे को विधानसभा में भी रखने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान पीसीसी चीफ बैज ने पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के हाथों में राम ध्वज को सौंपा। जिसके बाद राम मंदिर प्रांगण बेमेतरा से श्री राम मंदिर ट्रस्ट मजगांव तक 13 किलोमीटर की पदयात्रा की शुरुआत की गई।

## कवर्धा दौरे के बीच बेमेतरा में जारी धरनास्थल पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं का बढ़ाया उत्साह



### जब तक जमीन वापस नहीं की जाती, तब तक जारी रहेगा आंदोलन : छाबड़ा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक छाबड़ा ने कहा कि यह धर्म युद्ध की लड़ाई है। जहां लोग भगवान राम के हितैषी बनकर भगवान राम की ही जमीन को बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम की जमीन जब तक वापस नहीं की जाती, तब तक कांग्रेस द्वारा आंदोलन जारी रखा जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने प्रशासन को तुरंत रजिस्ट्री शून्य करने का बात कही। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष सुमन गोस्वामी, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, जोगेंद्र छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा, प्रनिष चौबे, बहल वर्मा, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, जय साहू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शटर का ताला तोड़ 5 लाख ले भागे चोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड स्थित जैन स्टोर्स से रविवार की रात तकरीबन 2 बजे चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर लगभग 5 लाख रुपए चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह दुकान मालिक जितेंद्र जैन तथा उनके भाई अरुण जैन को जैसे ही लगी, उन्होंने इसकी सूचना तत्काल थाना साजा को दी। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर घटना के पहलुओं की जांच में जुट गई।

■ मुख्य मार्ग पर पुराना बस स्टैंड के पास स्थित दुकान में रविवार रात हुई चोरी

उधर, घटना की खबर फैलते ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोग नगर में इस तरह लगातार बढ़ रही चोरी की घटना को लेकर आक्रोश में दिखे और पुलिस की सक्रियता को लेकर सवाल उठा रहे हैं। वहीं, व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने भी चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। गौरतलब हो कि घटना स्थल के पास यह चोरी की तीसरी बड़ी वारदात है। इससे पूर्व नेहा ट्रेडर्स में 5 लाख रुपए से ऊपर की चोरी, जैन मंदिर में भी चोरी हो चुकी है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के कारण साजा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि पुलिस की सक्रियता में कमी तथा लगातार पेट्रोलिंग नहीं होने के कारण चोरी हो रही है, वहीं दूसरी ओर चोरी की घटना के बाद चोरों की पतासाजी और गिरफ्तारी में भी साजा पुलिस की विफलता को लेकर चर्चा जोरों पर है। हालांकि पुलिस का कहना है कि साइबर टीम व डॉग स्क्वायड के सहारे चोरों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी।

# बच्चों को दिया गया ओएमआर शीट भरने का प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में भारत के संपूर्ण राज्यों में 4 दिसंबर 2024 को होने वाले नेशनल अचीवमेंट सर्वे के लिए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने बच्चों को ओएमआर शीट पर अभ्यास कराना शुरू कर दिया है। इसके अंतर्गत स्कूल के नाम से लेकर स्कूल कोड तथा बच्चे की व्यक्तिगत जानकारी को ओएमआर शीट में किस प्रकार भरना है, इन सभी बातों को उन्होंने बच्चों को सिखाया। इस दौरान बच्चों ने अपनी शंका का समाधान भी किया। नवाचारी शिक्षिका ने बताया कि इस वर्ष इस सर्वे में कक्षा 3, 6 एवं 9 के बच्चे शामिल होंगे। जिसमें कक्षा 6 में गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय को शामिल किया गया है।

साथ ही शिक्षिका ने बच्चों को यह भी बताया कि प्रश्नों के उत्तर वाले विकल्प को ओएमआर शीट पर कैसे भरना है। इस दौरान प्रधान पाठक किशुन राम साहू, सरोज यादव, कनकलता सरसुधे, अवध राम वर्मा उपस्थित रहे।

# यातायात नियमों का उल्लंघन 36 लोगों पर की गई कार्रवाई

**बेमेतरा।** बेमेतरा पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 36 वाहन चालक पर करवाई करते हुए 18 प्रकरण में कुल 5,400 रूपये समन शुल्क एवं 18 प्रकरण को न्यायालय में पेश किया है। वहीं, माईनर एक्ट के तहत 08 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक करवाई भी की गई है। साथ ही आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले 03 आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत करवाई की गई। दरअसल बेमेतरा यातायात पुलिस 17 चालान में 17 व्यक्ति, थाना दाढ़ी 12 चालान में 12 व्यक्ति, थाना नवागढ़ 07 चालान में 07 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्रवाई की गई।



## अपराधों पर अंकुश लगाने की मांग, व्यापारी संघ ने सौंपा ज्ञापन...



**साजा।** अपराधों की रोकथाम करने साजा व्यापारी संघ ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से गुंडा तत्वों तथा अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसके साथ ही शहर में रात्रिकालीन पुलिस गश्त को लगातार जारी रखने की मांग करते हुए कहा गया है कि अपराध में कमी नहीं आने पर व्यापारी संघ उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

प्रेरणा विद्यालय में हायर लर्निंग कक्षा में पहुंचीं नृत्यांगना आश्रिता

# बच्चों को दी गई नाट्यशास्त्र की विधाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शनिवार को प्रेरणा विद्यालय में आयोजित हायर लर्निंग की कक्षा में स्पीकर के रूप में आश्रिता वेमूगन्ती एंकर, अभिनेत्री और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना उपस्थित रहीं। उनकी बातचीत कक्षा छठवीं से आठवीं के बच्चों के साथ हुई।

उन्होंने बच्चों के साथ नाट्यशास्त्र की विभिन्न विधाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस तरह उन्होंने अपनी प्रतिभा को बचपन से ही निखारा है और समय आने पर बाहुबली, यात्रा जैसी फिल्मों के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा 9वी से 12वीं



की हायर लर्निंग कक्षा में स्पीकर के रूप में डॉ. गीता कश्यप वेमूगन्ती पैथोलॉजिस्ट, सीनियर प्रोफेसर एन्ड डिन, स्कूल ऑफ मेडिकल सांइसेज, यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद तेलंगाना उपस्थिति रहीं। उन्होंने बच्चों से बात करते हुए डॉक्टर के प्रोफेशन तथा उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्य के बारे में बात की। साथ में बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत करने के बाद भी उन्हें कई बार अपने प्रोफेशन को बदलना पड़ा और कई बार उन्हें जो चाहिए था, वह नहीं मिल पाया। लेकिन, इससे निराश नहीं हुईं, बल्कि उन्होंने इस बात से प्रभावित हुए बिना, आगे क्या नया कर सकते हैं, इस बारे में विचार किया। डॉक्टर गीता ने रिसर्च (शोध) का अर्थ बताते हुए कहा रिसर्च में समस्या को समझ कर उसे व्यवस्थित, और उचित विधि के साथ उचित तरीके से निराकरण करना होता है।

### कांग्रेस के छत्तीसगढ़ सहप्रभारी सम्पत का बालोद दौरा आज

**बालोद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सहप्रभारी एसए सम्पत 22 अक्टूबर को बालोद के दौरे पर रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री धीरज उपाध्याय ने बताय श्री संपत 11 बजे राजीव भवन में आयोजित बैठक को सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में बालोद जिले के तीनों विधायकों सहित समस्त कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# पड़ोसी राज्य के बाघों को भाने लगे छग के जंगल, पेंच की बाघिन अचानकमार में घूम रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र में बाघों की संख्या में साल दर साल वृद्धि हो रही है। इसका फायदा छत्तीसगढ़ के टाइगर रिजर्व को भी मिलने लगा है। राज्य के गुरु घासीदास नेशनल पार्क में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश स्थित संजय दुबारी नेशनल पार्क के बाघों की आवाजाही होती रहती है। इसी तरह से मध्यप्रदेश स्थित सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व की एक बाघिन चार सौ किलोमीटर की यात्रा कर अचानकमार टाइगर रिजर्व में पिछले एक वर्ष से विचरण कर रही है।

अचानकमार टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश के मुताबिक, एटीआर में प्रे-बेस की व्यवस्था सुधरने की वजह से पड़ोसी राज्य के बाघ आकर्षित हो रहे हैं। एटीआर से लेकर कान्हा किसली तक टाइगर की आवाजाही का कॉरिडोर रहा है। अफसर ने पेंच की बाघिन के इसी कॉरिडोर से एटीआर आने की संभावना व्यक्त की है। पेंच की बाघिन एटीआर में होने की पुष्टि होने पर वन्यजीव प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। साथ ही अफसरों से टाइगर की आवाजाही के कॉरिडोर को व्यवस्थित करने की मांग की है।

***ऐसे हुई पुष्टि :*** अचानकमार में पेंच के बाघ के पुष्टि वर्ष 2022 में भेजी गई बाघों की गणना रिपोर्ट तथा ट्रैप कैमरे से मिली फोटो में बाघों की धारियों के मिलान के दौरान हुई। जो बाघिन एटीआर में विचरण कर रही है, वह पेंच से 2022 से नदारद है। अफसरों के अनुसार, उक्त बाघिन सालभर पूर्व ही एटीआर पहुंची थी।

## बार नवापारा के बाद पेंच टाइगर रिजर्व की बाघिन की एटीआर में होने की पुष्टि

### केयरिंग कैपेसिटी का मिल रहा लाभ

जानकारों के मुताबिक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या केयरिंग कैपेसिटी से ज्यादा हो गई है। इसके चलते बाघों में द्वंद्व की स्थिति निर्मित होती है। इसके चलते बाघ नई टेरेटरी की तलाश में किसी दूसरे जंगल की ओर पलायन कर जाते हैं। इसी वजह से बाघ गुरु घासीदास नेशनल पार्क तथा एटीआर में पहुंच रहे हैं।



### बाघों की संख्या बढ़ाने इस ओर ध्यान देने की जरूरत

राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने वन विभाग के मैदानी अमले को शिकार रोकने के साथ जाल बिछाकर, जो शिकार करते हैं उसे रोकने एंटी स्नेयर वॉकिंग टीम को मजबूत करना होगा। साथ ही बाघों के शिकार के लिए प्रे-बेस बढ़ाने ग्रासलैंड विकसित करने की जरूरत है। राज्य के ज्यादातर वनक्षेत्रों में पालतू मवेशी पहुंचकर ग्रासलैंड को सफाचट कर रहे हैं, उन पर सख्ती से रोक लगाने की जरूरत है।

### रास्तों को लेकर अलग-अलग राय

पेंच पार्क प्रबंधन का मानना है कि बाघिन ने पेंच, कान्हा कॉरिडोर का उपयोग किया होगा और अचानकमार पहुंची होगी। वहीं एटीआर प्रबंधन का मानना है कि बाघिन ने जबलपुर जिले के जंगल से होते हुए करंजिया, बिछिया के रास्ते अचानकमार के जंगल में प्रवेश किया है। एटीआर प्रबंधन के तर्क की वजह यह है कि यह बाघिन कान्हा टाइगर रिजर्व में किसी भी कैमरे में ट्रैप नहीं हुई है। कई विशेषज्ञ इसके कान्हा या पेंच से महाराष्ट्र के जंगल से होते हुए अचानकमार पहुंचने की संभावना जता रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल डांस स्पर्धा में समृद्धि प्रथम



**रायपुर।** ऑल इंडिया डांस एसोसिएशन की ओर से रंग मंदिर में 12 से 21 अक्टूबर तक इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिता और नटवर गोपीकृष्ण अवार्ड-2024 का आयोजन किया गया है, जिसमें समृद्धि यादव ने भरतनाट्यम नृत्य के सब जूनियर केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया और उनके नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समृद्धि कृष्णा पब्लिक स्कूल डूंडा में चौथी की छात्रा हैं। नृत्य के साथ तीरंदाजी और पढ़ाई में भी विशेष योग्यता रखती हैं। समृद्धि अपनी सफलता का श्रेय अपने नाना पीआर अहीर के प्रोत्साहन को देती हैं। वे डॉ. संजीव कुमार यादव और डॉ. डाली अहीर के पुत्री हैं।

### घायल से मिलने अमित जोगी पहुंचे हॉस्पिटल



**रायपुर।** बलरामपुर जिले में जोगी कांग्रेस के नेता सुखु यादव के भाई वासुदेव यादव पर अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश युवकों ने फायरिंग करने की घटना में घायल वासुदेव राजधानी रायपुर के रामकृष्ण हॉस्पिटल में भर्ती है, जिनसे मिलने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अमित जोगी पहुंचे और घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ को देश में शांति का टापू कहा जा जाता था, पर भाजपा के राज में आपराधिक घटनाओं के मामले में छत्तीसगढ़ खतरनाक स्थिति में खड़ा हो चुका है, छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आपराधिक घटनाएं आम बात हो गई हैं। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की स्थिति चिंताजनक है, आम जनता असुरक्षित है, दिनदहाड़े गोली चलना आम बात हो गई है, जिससे स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है।

# अर्ली वैरायटी के धान की फसल तैयार, बेचने के लिए किसानों को करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 14 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान खरीदी की तैयारी मार्कफेड ने शुरू कर दी है। 14 नवंबर से 31 जनवरी 2025 तक इस साल 160 लाख टन धान खरीदी किए जाने का अनुमान है। धान की फसल की खरीदी इस बार 14 दिन देर से हो रही है। राज्य में अर्ली वैरायटीज के धान की फसल तैयार हो गई है। कई जिलों में फसल कटाई शुरू भी हो गई है। किसानों को एक माह धान खेतों में ही रखना होगा। ऐसे में सुरक्षा और अन्य कारणों से किसानों पर अतिरिक्त भार आएगा।

छत्तीसगढ़ में हर साल 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होती है। दीपावली के चलते राज्य सरकार ने खरीदी की तारीख आगे बढ़ा दी है।2085 समितियों के माध्यम से धान खरीदी के लिए समिति स्तर पर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदने सभी खरीदी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्रों का इस्तेमाल किया जाएगा। धान खरीदी के लिए पिछले साल की तरह बायोमेट्रिक व्यवस्था लागू रहेगी। इसके लिए किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के जरिए किया जा रहा है। पिछले साल जिन किसानों ने धान बेचा था, उनके अलावा नए किसान भी जुड़ेंगे। कई किसानों के रकबा और रिकार्ड परिवर्तन में भी संशोधन किए जा रहे हैं।



### डाटा एंट्री ऑपरेटर हड़ताल पर

धान खरीदी समितियों के माध्यम से होती है। वहां पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर अपने वेतन और अन्य मांगों का लेकर हड़ताल पर हैं। समितियों में कंप्यूटर से संबंधित कार्य ठप पड़े हैं। उनकी हड़ताल के कारण पिछले कई दिनों से समितियों का कार्य नहीं हो पा रहे हैं। धान खरीदी शुरू होने से पूर्व उनकी मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो दिक्कत हो सकती है। अधिकारी डाटा एंट्री ऑपरेटरों से चर्चा कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला है।

### 4.02 लाख गठान बारदाना खरीदी

धान खरीदी के लिए कुल 8 लाख गठान बारदाने की जरूरत होगी। मार्कफेड द्वारा इसके लिए 4.02 लाख गठान नए बारदाने जूट कमिश्नर के जरिए खरीदी किए जाएंगे। इसके लिए पूरी तैयारी की गई है। समितियों में धान की सुरक्षा और अन्य उपायों को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। वहीं खरीदी के साथ धान के उठाव और रखरखाव के संबंध में पूरी जानकारी समितियों को देनी होगी। मार्कफेड समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने 37 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेने की तैयारी कर रहा है। मार्कफेड ने अलग अलग बैंकों से निविदा जारी कर प्रस्ताव मंगाए हैं।

### टोकन सिस्टम से होगी खरीदी

धान खरीदी को लेकर मार्कफेड ने समितियों में खरीदी की लिमिट तय की है। उसके तहत ही छोटे और सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन और बड़े किसानों को तीन टोकन दिए जाएंगे। किसानों का धान खरीदी से पहले पंजीकृत किसानों की एंट्री का मिलान किया जाएगा, जिसमें रकबा और बी-1 अनुसार खरीदी की मात्रा तय होगी। धान खरीदी की प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## देशभर में चलाएंगे 'एक दीया श्रीराम के नाम' अभियान



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक दिल्ली में हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ के चेयरमैन संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष विक्की लोहाना, मनीष तलरेजा का सम्मान किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान से भी शामिल हुए। इसी दौरान प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने एक प्रस्ताव रखा कि दिवाली के पूर्व एक सप्ताह पूर्व सिंधी काउंसिल द्वारा एक अभियान चलाया जाए, एक दीया श्रीराम के नाम। इस अभियान को सभी राज्य इकाई ने सराहा, साथ ही सभी राज्य इकाई अपने-अपने प्रदेश में इस अभियान को चलाएगी और निशुल्क दीए वितरण भी करेगी, ऐसा निर्णय लिया गया। सिंधी काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लडानी ने कहा कि सभी प्रदेशों की सिंधी काउंसिल के सदस्य एक दीया श्रीराम के नाम अभियान को आम जनता तक ले जाए। आज मुझे खुशी है कि पूरे देश की मिसाल छत्तीसगढ़ बना है। छत्तीसगढ़ इकाई ने श्रीराम के नाम से घर-घर दीया वितरण की योजना बनाई है, इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। बैठक में सिंधी काउंसिल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश केशवानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन लडानी, राष्ट्रीय महामंत्री चंदर लालचंदानी, गुलाब लडानी, प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, दिल्ली अध्यक्ष अशोक लालवानीश, युवा विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र मनवानी, महिला विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनी तोलानी, छत्तीसगढ़ से संजय रहेजा, विक्की लोहाना, मनीष तलरेजा उपस्थित थे।

# सोने-चांदी के आभूषण जब्ती मामले में सराफा और प्रशासन आमने-सामने

**सराफा एसोसिएशन ने तस्करी के आरोपों को खारिज किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- क्राइम ब्रांच की टीम ने दो अलग-अलग मामलों में 14 करोड़ रुपए से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए थे

मौदहापारा तथा टिकरापारा थाना क्षेत्र में पिछले दिनों पुलिस द्वारा पौने 17 करोड़ रुपए के सोने-चांदी के आभूषण की कथित तौर पर तस्करी के मामले को लेकर सराफा कारोबारी तथा प्रशासन एक-दूसरे के आमने-सामने आ गए हैं। सराफा एसोसिएशन ने तस्करी के आरोपों का खंडन किया है। सराफा एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा ने बयान जारी कर सोने-चांदी के आभूषणों की तस्करी के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि कारोबारियों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। एसोसिएशन के महासचिव ने शहर के प्रतिष्ठित सराफा कारोबारियों के नाम अवैध गतिविधियों से जोड़ने की आलोचना की है। एसोसिएशन के महासचिव के अनुसार, पुलिस ने जो ज्वेलरी जब्त कर जीएसटी तथा आयकर विभाग के सुपुर्द की है, उक्त ज्वेलरी वैध चैनलों के माध्यम से कारोबारियों ने प्राप्त की है। एसोसिएशन के महासचिव के मुताबिक, पुलिस ने बगैर सत्यापन कार्रवाई कर कारोबारियों की छवि धूमिल करने का काम किया है।

### तस्कर, कर चोर के संबोधन को लेकर आपत्ति

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश गोलछा ने अपने बयान में कहा है कि सराफा कारोबारी बिक्री करने के लिए राज्य के बाहर से सोने-चांदी के जेवर मंगवाते हैं। कारोबारी आसपास के शहरों में अपने संबंधित स्टाफ को जेवर बिक्री करने तथा आर्डर लेने भेजते हैं, जिसे पुलिस जांच के नाम से रोकती है। जांच के दौरान दस्तावेज उपलब्ध भी करा दिए जाते हैं। कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा अन्य मीडिया द्वारा पकड़े गए लोगों के खिलाफ तस्करी, आरोपी जैसे संबोधनों पर आपत्ति व्यक्त की गई है। एसोसिएशन के महासचिव के मुताबिक, जिनके पास से माल मिलता है वह या तो व्यापारी होता है या फिर उनका स्टाफ, लेकिन उन्हें सीधे आरोपी कहकर संबोधित किया जाता है। इस तरह के संबोधन से व्यापारियों की भावनाओं को ठेस पहुंचने की बात एसोसिएशन के महासचिव ने कही है।

## बारूदी सुरंग के विस्फोट में शहीद हुए आईटीबीपी के जवानों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नारायणपुर में शनिवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में महाराष्ट्र तथा आंध्रप्रदेश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने राजस्व मंत्री माना स्थित चौथी बटालियन पहुंचे। इसके बाद मंत्री तथा रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा घायल जवानों का हाल जानने देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा अस्पताल पहुंचे। गौरतलब है कि नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा बिछाई गई एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से आईटीबीपी के जवान महाराष्ट्र सतारा निवासी अमर पंवार तथा आंध्रप्रदेश कडप्पा निवासी के. राजेश शहीद हो गए और दो पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

शहीद जवान 53वीं बटालियन के थे। दोनों शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने मंत्री माना पहुंचे। श्रद्धांजलि देने के बाद दोनों शहीद जवानों के पार्थिव शरीर को विशेष विमान से उनके पैतृक स्थानों के लिए रवाना किया गया।




# प्रदेश चुनाव समिति की बैठक बना प्रत्याशियों का पैनल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशी चयन पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने चुनाव लड़ने के इच्छुक सभी नामों पर विचार करने के बाद पैनल एआईसीसी को भेजने का निर्णय लिया है। नमें प्रमोद दुबे, आकाश शर्मा के नाम का पैनल बनाया गया है। बताया गया है कि प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने एआईसीसी की बैठक को देखते हुए प्रदेश चुनाव समिति को जल्द पैनल भेजने के निर्देश दिए थे। प्रदेश चुनाव समिति की बैठक अचानक बुलाई गई। नेताओं ने उन सभी नामों पर विचार किया। उनका बायोडाटा और अन्य जानकारी आलाकमान को भेज दी है।

बताया गया है कि नामों की घोषणा एक-दो दिन में कर दी जाएगी। नामांकन के लिए चार दिन का समय शेष है, ऐसे में मंगलवार तक इस पर निर्णय लिए जाने की संभावना है। **ये रहे मौजूद :** प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, गुरु रूद्रकुमार, जयसिंह अग्रवाल, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार उपस्थित थे।









## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने रविवार को जोन 10 के 4 वार्डों में 2 दर्जन से अधिक स्थानों पर निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने रानी दुर्गावती वार्ड स्थित राममंदिर के नाला निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। साथ ही कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड, रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड में नए विकास कार्यों का भूमिपूजन वार्ड पार्षदों की उपस्थिति में किया।

रायपुर ग्रामीण विधायक श्री साहू ने 4 वार्डों में 6 करोड़ 42 लाख 23 हजार की लागत से विविध कार्यों का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद उमा चंद्रहास निर्मलकर, रवि ध्रुव, जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता फत्तेलाल साहू सहित वार्डवासी उपस्थित रहे। विधायक श्री साहू ने करवा चौथ के पर्व पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### जोन अध्यक्ष होरा ने किया भूमिपूजन



**रायपुर।** जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने अपने जन्मदिन के अवसर रविवार को वार्डवासियों को करीब 2 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने शहीद हेमू कालाणी वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। देवेंद्र नगर सेक्टर-5 स्थित रामेश्वर गार्डन में नागरिकों की मौजूदगी में पार्षद श्री होरा ने भूमिपूजन किया। कार्यक्रम स्थल पर वार्डवासी एवं सफाई कर्मचारियों ने केक काटकर उनका जन्मदिन मनाया। इस दौरान सहायक अभियंता पीडी धृतलहरे, शत्रुहन देशलहरे सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

### बूढ़ा गार्डन क्षेत्र में चौपाटी का ग्रीन आर्मी ने किया विरोध




**रायपुर।** पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही ग्रीन आर्मी संस्था बूढ़ा गार्डन को बचाने के लिए सामने आई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि पर्यटन विभाग को चौपाटी के नाम पर तालाबों और धरोहर से खिलवाड़ नहीं करनी चाहिए। चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल सीधे दिखाई दे रहा है। यहां हजारों स्थानीय निवासियों से लेकर शहरवासी तक मॉर्निंग वॉक, योगा, एवं स्वास्थ लाभ लेने रोजाना आते हैं। पाथवे पर चलकर लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं, वहां चौपाटी का निर्माण इंसानों, पंछियों, जीव जंतुओं से लेकर पर्यावरण के लिए हानिकारक है। ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा रविवार को 100 से अधिक सदस्यों एवं स्थानीय निवासियों के साथ चौपाटी निर्माण का विरोध दर्ज कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने उपस्थितजनों का आभार जताया।

# मरीन ड्राइव में रीक्रिएशन जोन के साथ गार्डन एरिया में एम्युजमेंट पार्क, 25 से होगी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के तेलीबांधा सरोवर परिसर में रीक्रिएशन जोन विकसित करने वाली एजेंसी अब बच्चों व बड़ों के लिए गार्डन एरिया में एम्युजमेंट पार्क की सौगात देने जा रही है। 25 अक्टूबर से इसकी शुरुआत होगी, जहां एक से बढ़कर एक मनोरंजक, आकर्षक झूले, फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रैगन राइड, ड्रॉप टॉवर, हॉर्स राइड्स, कप एंड सॉशर गेम, ट्रेम्पोलाइन सहित अन्य एडवेंचर गेम उपलब्ध होंगे। रविवार को एम्युजमेंट पार्क स्थल पर किड्स कार, ट्रेन ट्रेक्स को व्यवस्थित करने कर्मचारी जुटे रहे। दरअसल मेट्रो सिटी की तर्ज पर तेलीबांधा तालाब के एक छोर से दूसरे छोर तक पहुंचने निगम से अनुबंधित एजेंसी फ्लोटिंग डेक बना रही है। साथ ही गार्डन एरिया में एक एडवेंचर टॉवर बनाया जा रहा है। यह टॉवर 60 फीट ऊंचा रहेगा। इसे लैंडिंग टॉवर का नाम दिया गया है। जहां से आने वाले दिनों में लोग तालाब का सुंदर नजारा देख पाएंगे। गार्डन एरिया में 25 अक्टूबर से एंम्युजमेंट पार्क शुरू किया जा रहा है, जहां बच्चों व बड़ों के मनोरंजन के लिए विविध तरह के साधन होंगे। किड्स एम्युजमेंट में बच्चों के लिए किड्स कार, ट्रेन ट्रेक्स, ड्रैगन की सवारी, फ्लाइंट कॉप्टर समेत अन्य तरह के गेम्स रहेंगे।

## बच्चों के मनोरंजन, खेलकूद के लिए फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रैगन राइड, आकर्षक झूले








### आगामी दिनों में एडवेंचर गेम्स भी

ईसीएचटी मैनेजमेंट के माध्यम से मेगा एडवेंचर और टूरिज्म हब का स्वरूप देने यह कार्य कराया जा रहा है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि पर्यटकों के लिए नई गतिविधियां तेलीबांधा तालाब के आकर्षण को और बढ़ाने शुरू की जा रही हैं। इसी कड़ी में एम्युजमेंट पार्क एक नई सौगात होगा। आने वाले दिनों में एडवेंचर गेम भी शुरू किए जाएंगे, जिसमें वाटरबॉडी क्रॉस करने वाली अनोखी जिप लाइनिंग, जिप साइकिलिंग और जिप रोलर गतिविधियां आकर्षण का केंद्र होंगी।

## संकरी सड़क पर ट्रैफिक जाम कम करने की प्लानिंग

# पौन किमी लंबी फोरलेन सड़क बनाने खर्च होंगे 26.52 करोड़, गुढ़ियारी से जुड़ेगा स्टेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलवे स्टेशन आने-जाने वालों को जल्द ही गुढ़ियारी पड़ाव से रेलवे जंक्शन के बीच लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत मिलने वाली है। इसके लिए सरकार ने 26.52 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति के साथ ही पौन किलोमीटर सड़क निर्माण के दायरे में आने वाली जमीन के मालिकों के लिए मुआवजे का प्रावधान किया है।

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से जुड़े लोगों को फोरलेन सड़क की सौगात मिलने से रेलवे स्टेशन तक आवागमन सुगम होगा। राजधानी के पश्चिम विधानसभा क्षेत्र को फिर चमकाने में जुटे पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक राजेश मूणत की प्लानिंग पर सीएम विष्णु देव साय ने मंजूरी की मुहर लगाई है। साथ ही गुढ़ियारी को एक और फोरलेन सड़क की सौगात दी है। यह सड़क शुक्रवारी से होते हुए प्लेटफार्म-5 स्थित रेलवे फाटक को जोड़ेगी। अभी यह सड़क कई जगह बेहद संकरी है। अब करीब पौन किमी लंबी सड़क निर्माण के लिए सरकार ने 26.52 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। सड़क निर्माण की मंजूरी से पश्चिम क्षेत्र में सड़कों का इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर करने की तैयारी शुरू हो गई है। शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन तक 0.78 किमी लंबी फोरलेन बनने से आवागमन भी बेहतर होगा।

### मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का प्रावधान, निर्माण के लिए वित्तीय मंजूरी




### त्योहार के बाद शुरू होगा सर्वे

शासन को फोरलेन सड़क बनाने के लिए भेजे गए प्रस्ताव के साथ ही मुआवजे के लिए भी स्वीकृति मिली है। फोरलेन सड़क बनाने से पहले त्योहार के बाद सर्वे की प्रक्रिया होगी। इसके बाद सभी प्रोसेस को क्रम से करते हुए लोगों को नई सुविधा से जोड़ने की तैयारी है।

**- राजेश मूणत,** विधायक, पश्चिम

### ...तब ड्राइंग-डिजाइन होगी फाइनल

सड़क निर्माण से पहले प्रभावित होने वालों का सर्वे कराया जाएगा। इसके बाद मुआवजे समेत सारी प्रक्रिया के बाद नए साल यानी 2025 में टेंडर जारी कर एजेंसी से निर्माण शुरू कराने की तैयारी है। इसके पहले सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति भी ली जाएगी। इस सड़क पर पुल-पुलिया बनाने हों तो उसकी ड्राइंग-डिजाइन भी फाइनल कराने का प्रावधान किया गया है। सड़क की चौड़ाई बढ़ाने भू-अर्जन के लिए सर्वे का काम त्योहार के बाद शुरू होगा। प्रस्ताव के अनुसार भू-अर्जन की राशि के लिए भी स्वीकृत दी गई है। गुढ़ियारी सहित समूचे पश्चिम क्षेत्र को ट्रैफिक फ्री बनाने और क्लीयर एंट्री के लिए इस सड़क का प्रस्ताव तैयार किया गया है। सड़क केवल स्टेशन ही नहीं, बल्कि गुढ़ियारी को स्टेशन इलाके से भी जोड़ेगी। अभी कई जगह सड़क संकरी है, इसलिए ट्रैफिक जाम होने से दिक्कतें होती हैं। विशेषज्ञों व शुक्रवारी इलाके के लोगों से लंबे विचार-विमर्श से मिले सुझाव के बाद प्रस्ताव शासन को भेजा गया। यह सड़क बनने से टाटीबंध, हीरापुर, कबीर नगर, गोगांव, सरोरा ही नहीं, बल्कि बिरगांव सहित 20 से ज्यादा क्षेत्रों की आबादी को राहत मिलेगी।

# 21 साल में 7 हजार से बढ़कर 20 हजार हो गए राशन कार्डधारी

## पार्षदों ने कलेक्टर को बताया- दुकानें अब भी सिर्फ 10

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बुनियादी सुविधाओं से जूझते बिरगांव निगम में मौजूदा संसाधनों का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि यहां अभी भी 21 साल पुरानी राशन वितरण व्यवस्था चल रही है। 2003 में जब बिरगांव नगरपालिका थी, तब करीब 7 हजार राशन कार्डधारक थे। तब उनके लिए 35 वार्डों में से सिर्फ 10 राशन दुकानों का संचालन शुरू हुआ। अभी आबादी के लिहाज से शासन ने करीब 10 साल पहले नगर निगम का दर्जा दे दिया। वर्तमान में 40 वार्डों में 20 हजार से ज्यादा हितग्राही हैं। इनके लिए अभी भी सिर्फ 10 दुकानों का ही संचालन किया जा रहा है। राजधानी से सटे बिरगांव निगम क्षेत्र में राशन दुकानों की स्थिति बेहद खराब है। हर दुकान में करीब दो हजार हितग्राही जुड़े हुए हैं। राशन लेने के लिए उन्हें कई दिन रोजी-मजदूरी से भी छुट्टी लेनी पड़ती है। इसे देखते हुए निगम के प्रभावित वार्ड के पार्षदों ने कलेक्टर को मामले में त्वरित कार्यवाही के लिए ज्ञापन भी दिया है। इसमें जिक्र है कि क्षेत्र में लगभग 20 हजार राशन कार्डधारी हैं। इनके लिए अभी भी दस राशन दुकानें ही संचालित हैं। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है, यहां के वार्डों में रहने वाले लोगों में श्रमिकों की अधिकता है। इनका जीवनयापन दैनिक मजदूरी पर आश्रित है। राशन दुकानों की संख्या राशन कार्डधारियों के हिसाब से बहुत कम है। इसके चलते राशन दुकानों में भीड़ होने एवं दुकानों के नियमित रूप से नहीं खुलने से श्रमिकों को भटकना पड़ता है।

■ बिरगांव निगम के 40 वार्डों में अभी भी परिषद की खाद्यान्न वितरण व्यवस्था

### समय पर नहीं मिल पाता राशन

*प्रतिनिधियों ने बताया कि राशन दुकानें कम होने से लोगों को एक से डेढ़ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। राशन नहीं मिलने या दुकान बंद की स्थिति में छुट्टी लेने से रोजी-रोटी का नुकसान होता है। इसे ध्यान में रखते हुए पहली बार प्रतिनिधियों ने मुखर होकर 30 नई राशन दुकानें खोलने के लिए अपने कार्यकाल में तीसरी बार मांग की है। इसके बाद भी किसी प्रकार की सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। अब अगर इसमें विलंब किया जाता है तो विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।*

# जहां कचरा, वहां चौपाटी, सेहत से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अफसर शहरवासियों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने जा रहे हैं। बूढ़ापारा धरनास्थल वाली जगह पर जहां कचरा डंपिग जोन की वजह से लोगों का आवागमन मुश्किल होता है, वहां चौपाटी बनाई जा रही है। वेंडिंग जोन के नाम से दर्जनभर गुमटियों को किराए पर दिया जाएगा। जहां कूड़े-करकट की दुर्गंध के बीच खाने-पीने के सामान बेचे और परोसे जाएंगे। जहां न तो गाड़ियों की पार्किंग की समुचित व्यवस्था है और न ही सुरक्षा के इंतजाम। ऐसे में मुख्य मार्ग की सड़क पर देर शाम गाड़ियों की लाइन लगने से ट्रैफिक जाम की आशंका भी है। रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल के पास वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है। जहां 10 बाई 10 वर्गफीट के 12 वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिए जाएंगे। यहां खाने-पीने के सामग्री बेची और परोसी जाएगी। नगर निगम के कचरा डंपिंग जोन को हटाए बिना यहां वेंडिंग जोन बनाने को लेकर लोग परेशान हैं, क्योंकि जहां ये वेंडिंग कॉर्ट बनाए जा रहे हैं, उसके ठीक सामने रोज सुबह-शाम ठेका कंपनी की कचरा गाड़ियां शहर के अलग-अलग इलाकों का कूड़ा-करकट खाली करने कतार से खड़ी रहती हैं। इसके चलते यहां से आने-जाने वाले आमजन नाक पर कपड़ा बांधे बिना गुजर नहीं सकते। उसी जगह पर चौपाटीनुमा वेंडिग जोन की प्लानिंग पर सवाल उठने लगे हैं।



### महापौर से लेकर स्थानीय रहवासी, वार्ड पार्षद भी विरोध में

बूढ़ापारा धरनास्थल को शहर के बीच से हटाने स्थानीय रहवासियों ने एकजुटता दिखाई। बड़ी जद्दोजहद के बीच धरनास्थल को नवा रायपुर के तूता में शिफ्ट किया गया। महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने धरनास्थल वाली जगह सुरक्षित रखने बाउंड्रीवॉल बनवाई। तब निगम प्रशासन की ओर से ये कहा गया कि वहां छोटा-सा गार्डन बनाया जाएगा, पर निगम आयुक्त और स्मार्ट सिटी के एमडी अबिनाश मिश्रा ने धरनास्थल वाली जगह पर वेंडिंग जोन का प्लान बनाकर इसके लिए टेंडर करा दिया, जिसका विरोध स्थानीय रहवासियों सहित सामाजिक कार्यकर्ता और वार्ड पार्षद सीमा-मुकेश कंदोई कर रहे हैं। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि धरनास्थल वाली जगह पर चौपाटी नहीं बनने देंगे, क्योंकि निर्माण स्थल के पास नगर निगम का कचरा डंपिग जोन बना है। यहां वेंडिंग जोन बनाना लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ है।

# राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी में छग के 5 जिले सबसे आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वन नेशन वन राशनकार्ड योजना राज्य के उन श्रमिकों, गरीबों के लिए मददगार साबित हो रही है, जो अपना परिवार पालने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर मजदूरी करते हैं। छत्तीसगढ़ में चालू अक्टूबर माह में 6 लाख 10 हजार से अधिक ऐसे लोग दूसरे स्थानों पर जाकर राशनकार्ड पोर्टेबिलिटी के माध्यम से राशन ले चुके हैं। वन नेशन वन राशनकार्ड योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देशभर में राशन कार्डधारी अपनी खाद्य सुरक्षा के अधिकारों का लाभ किसी भी राज्य में उठा सकें। यह योजना विशेष रूप से उन प्रवासी मजदूरों के लिए फायदेमंद है, जो एक राज्य से दूसरे राज्य में काम के लिए जाते हैं और वहां अपने राशन का दावा करना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में भी यह योजना सक्रिय रूप से लागू है और इसकी पोर्टेबिलिटी के तहत लोग अपने राशन को राज्य के भीतर किसी भी जिले या शहर में ले सकते हैं।

■ वन नेशन वन राशनकार्ड योजना का मिल रहा लाभ








## खबर संक्षेप



### वेद प्रकाश तारम की स्मृति में कराया न्योता भोज

**बालोद/सिकोसा।** दिवंगत वेद प्रकाश तारम की स्मृति में चिरंजीव तारम छत्तीसगढ़ पुलिस ग्राम नवागांव डू द्वारा शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक हेमलता चौधरी, शिक्षक गोपेश्वर साहू, शिक्षिका खिलेश्वरी साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत सोरी व परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### नागेंद्र ने 40 और देवेंद्र ने 15 वीं बार किया रक्तदान




**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी नागेंद्र सिन्हा 27 वर्ष व ग्राम पाररास निवासी देवेंद्र कुमार साहू 36 वर्ष ने भाजपा युवा मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष पार्थ साहू के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद में भर्ती मरीज की जान बचाने के लिए स्वयं के व्यय से बालोद के जिला अस्पताल में पहुंच कर रक्तदान किया। इस दौरान ब्लड बैंक स्टाफ डा. अजय साहू, उत्तम टंडन, दिलीप कुमार, अभिमन्यु करपाल उपस्थित थे। नागेंद्र सिन्हा ने बी पॉजीटिव रक्त समूह का 40 वीं बार व देवेंद्र साहू ने 15वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान कर दोनों युवाओं ने कहा कि रक्तदान श्रेष्ठदान व श्रेष्ठ कर्म है और प्रत्येक इंसान को इंसानियत की खातिर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है।

### हरीश टुवानी ने 17वीं बार किया रक्तदान



**गुरूर।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी हरीश टुवानी ने नगर में आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। हरीश टुवानी इसके पूर्व 16 बार रक्तदान कर चुके हैं। हरीश टुवानी इसके पूर्व रक्तदान करने स्वयं की व्यवस्था से धमतरी, रायपुर राजनांदगांव जाकर मरीजों को रक्तदान किया है। हरीश टुवानी ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। मानव रक्त से ही किसी मरीज को तत्काल रक्त की पूर्ति हो सकती है। रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ युवा को रक्तदान करना चाहिए।

**श्रद्धांजलि : विद्यार्थियों को शहीद जवानों की शहादत के संबंध में दी गई जानकारी**

# पुलिस स्मृति दिवस पर विद्यालय के पूर्व छात्र शहीद जवानों को किया याद, दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शहीदों को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोहारा के टीआई वीणा यादव और प्रभारी

- शासकीय बालक विद्यालय में शहीद किरण देशमुख व नारद राम निषाद को दी गई श्रद्धांजलि

प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने संस्था के पूर्व शहीद छात्र किरण देशमुख व शहीद नारद राम निषाद के तैल चित्र के समक्ष पूजन अर्चना और श्रद्धांजलि पुष्प अर्पित करके प्रारंभ किया। उसके बाद मुख्य अतिथि थाना प्रभारी वीणा यादव, विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप मेश्राम एवं समस्त शिक्षक, अतिथियों और विद्यार्थियों ने मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। समस्त कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता लवण साहू ने किया।

कार्यक्रम प्रभारी हेमंत साहू ने पुलिस स्मृति के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 21 अक्टूबर 1959 में चीनी सैनिकों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए 10 जवानों की स्मृति में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। मुख्यअतिथि वीणा यादव ने शहीदों को नमन करते हुए बच्चों को नशा पान से दूर रहने की समझाइश दी। मोबाइल का उपयोग सावधानी पूर्वक करने की हिदायत दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने विद्यालय के पूर्व शहीद छात्रों को याद करते हुए उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला और किस प्रकार पुलिस के नौकरी में कठिनाई आती है और साहस तथा मनोबल के साथ कार्य करना पड़ता है, जानकारी दी।

वक्ता के तौर पर व्याख्याता एस वैदे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहीदों को याद और सम्मान देने की बात कही। इसी क्रम में वरिष्ठ व्याख्याता डीआर साहू ने पुलिस प्रशासन को आंतरिक सुरक्षा में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। व्याख्याता अविनाश साहू ने अनुशासन की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सहायक उप निरीक्षक ए आर यादव ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पुलिस स्मृति के सम्मान में स्कूली बच्चों गीतांजलि निषाद, भावना, वेनिका, यामिनी देवांगन, मानसी ठाकुर एवं साथी द्वारा भाषण गीत पर कविता प्रस्तुत किया गया।

आभार प्रदर्शन व्याख्याता एनुका शार्वा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त व्याख्याता छाया नंदा, डुप्ले साहू, रीना मंडल, आर एन योगी, तेजेश्वरी साहू, भारती साहू, गिरीश साहू, प्रधान आरक्षक लिलेश्वरी देवांगन, आरक्षक पूनमचंद खरे, विद्यार्थी तेज प्रकाश पुष्कर प्रतीक उज्जवल समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शासकीय हाई स्कूल तरौद में जुगेरा के शहीद आरक्षक किशन चुरेन्द्र को दी गई श्रद्धांजलि

**बालोद।** 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के शहीद पुलिस जवानों की शहादत को नमन करते हुए उनके द्वारा शिक्षा प्राप्त स्कूल कॉलेज में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत शासकीय हाई स्कूल तरौद में जुंगेरा ग्राम निवासी शहीद चालक आरक्षक किशन चुरेन्द्र को श्रद्धांजलि दी गई, जो कर्तव्य निर्वहन करते हुये वर्ष 2011 में शहीद हो गये थे।

घटना का विवरण बताते हुए शहीद के बड़े भाई नरेश ठाकुर ने बताया कि उनके छोटे भाई शहीद किशन चुरेंद्र जून 2001 में कटे कल्याण जिला दंतेवाड़ा में नक्सली मुठभेड में शहीद हुए। विद्यालय प्रभारी प्राचार्य रघुनंदन गंगबोईर ने बताया कि पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर स्कूल में शहीद पुलिस जवानों के शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर मौन धारण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र योगिता ने सैनिक सम्मान में स्वरचित कविता का वाचन कर एक सैनिक के प्रति घर, परिवार एवं समाज की भावनाओं को व्यक्त किया। शिक्षिका उत्तरा ठाकुर ने अध्ययनरत विद्यार्थी को शहीद पुलिस जवान के शहादत एवं सेना में भर्ती होकर देश के गौरव बढ़ाने के लिए किस प्रकार से तैयारी की जा सकती है, इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय के कर्मचारी विद्यार्थी के साथ शहीद किशन चुरेंद्र के तीनों बड़े भाई सहित विद्यालय के सहायक ग्रेड 02 शैलेन्द्र कुमार योगी, छात्र प्रतिनिधि युगल किशोर, विवेक साहू, महेश्वरी, डेमिन उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार ने निकाली, नशे से बचने के लिए किया जागरूक




**नवागढ़।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार नवागढ़ ने नशा निवारण रैली निकालकर लोगों को नशे से बचने के लिए जागरुक किया। इस दौरान डॉ जीवन वर्मा ने कहा कि नशासुर रूपी रावण को प्रत्येक घरों से दूर करने के लिए व्यसन मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा चलाया जा रहा है।

ब्लॉक समन्वयक बीके वर्मा ने युवाओं को व्यसन से बचकर अपनी शक्ति सृजन में लगाने की अपील की। मिलाप राम साहू ने कहा कि नशा सभी समस्याओं की जड़ है, जितने भी अपराध हो रहे हैं उनमें से अधिकांश नशे की हालत में हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को नशे से दूर रखना है। अंत में स्वयं नशा न कर लोगों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमोद ठाकुर, जगन्नाथ साहू, मनोज वर्मा, गेन्दू निषाद, सुरेन्द्र साहू, इन्दुकुमार, हेम कुमार, बिसहत, अंगद निषाद, हंसराम, दिलेश्वर, भारती साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर चन्द्रजीत ने बच्चों को कराया न्योता भोज

**बालोद।** शासकीय प्राथमिक शाला मनौद संकुल केन्द्र जुंगेरा में अवनी ठाकुर के जन्मदिन पर बीएसएनएल सॉफ्टवेयर इंजीनियर चन्द्रजीत ठाकुर माता दामिनी ठाकुर, दादा जीएस ठाकुर, दादी सुधा ठाकुर ने बच्चों को न्योता भोज कराया। चन्द्रजीत ठाकुर ने बच्चों के बीच पाकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त पौष्टिक मीठा वितरण किया गया। साथ ही प्रत्येक छात्र-छात्राओं व आंगनबाड़ी के बच्चों को पेन, पेंसिल, रबर, रंगीन पेन पेंसिल भेंट की गई।

## पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा करवाचौथ व्रत



**नवागढ़।** पति की लंबी आयु, वैवाहिक जीवन और सुख-समृद्धि के लिए सुहागिनों ने रविवार को निर्जला करवा चौथ व्रत रखा। शाम को पूजा अर्चना करने के बाद व्रतियों ने बदली के चलते देर रात को चांद दर्शन और पूजा के बाद व्रत तोड़ा। ऐसी मान्यता है कि चंद्र दर्शन और चांद को अर्घ्य देने से पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। शहर में रहने वाले सुकुल पारा, देवांगन पारा, ब्राह्मण पारा, बीच पारा, मिश्रा पारा, दर्री पारा, बावा पारा, बावली पारा, शंकर नगर की महिलाओं ने यह व्रत किया। नगर प्रधान विकास धर दीवान ने अपनी धर्मपत्नी सुधा दीवान के साथ निवास पर करवा चौथ का पर्व मनाया।

आचार्य श्रीकांत शर्मा ने बताया कि दीपक जलाने से नकारात्मकता दूर होती है एवं पूजा में ध्यान केंद्रित होता है, जिससे एकाग्रता बढ़ती है। इसके अलावा महिलाएं छलनी में दीपक रखकर चांद को देखती हैं और फिर पति का चेहरा देखती हैं। उसके बाद पति के हाथों व्रत तोड़ती हैं। उन्होंने बताया कि कथा के अनुसार वेदवर्मा की विवाहिता पुत्री वीरवती ने करवा चौथ व्रत किया था। नियम के अनुसार चंद्रोदय के बाद भोजन करना था। उसके भाई उसे प्रेम करते थे और उसकी व्याकुलता देख कर पीपल के पेड़ की आड़ में चांद सा दीपक जलाया और उसे भोजन करा दिया। इसके बाद वीरवती का पति अदृश्य हो गया। 12 महीने बाद जब उसने कठिन करवा चौथ व्रत किया, तो उसे पति फिर से प्राप्त हुआ।

### ग्राम पंचायत सचिव पद पर उमेश को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**बेमेतरा।** उमेश कुमार सिन्हा को अनुकम्पा नियुक्ति मिल गयी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत ने विगत 18 अक्टूबर को नियुक्ति आदेश पर हस्ताक्षर कर दिये। उमेश कुमार सिन्हा के पिता स्व. सुरेशराम सिन्हा ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत माटरा, जनपद पंचायत साजा का 25 जुलाई 2023 को आकस्मिक निधन हो गया था। शासन के नियमानुसार उमेश कुमार सिन्हा को अनुकम्पा नियुक्ति दी गयी है। उनकी पद स्थापना जनपद पंचायत साजा में की गयी है। पिछले महीने 18 सितंबर को कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रदीप निषाद को भी उनके पिता के आकस्मिक निधन के बाद ग्राम पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा था। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जारी संदेश में उमेश को बधाई देते हुए मेहनत कर आगे बढ़ने की शुभकामना दी। वहीं, सीईओ ज़िला पंचायत ने भी अपनी शुभकामनाएं दी।

## रामचरित मानस से गूंज उठा अंचल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा विधानसभा के मावली माता प्रांगण में आंचलिक मानस प्रतिष्ठान, मावली भाठा द्वारा एक दिवसीय मानसगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता और सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

योगेश तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत में मां मावली माता और भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा-अर्चना की और समस्त क्षेत्रवासियों की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिकता बढ़ती है और एकजुटता को बल मिलता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

इस अवसर पर कई वक्ताओं ने रामचरितमानस पर अपने विचार रखे और भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। इस दौरान संतोष शर्मा घटियाखुर्द, रमेश पाटिल घटियाखुर्द, संतोष साहू हसदा, मदन सिन्हा हसदा, देवलाल सिन्हा हसदा, उमधार साहू हसदा, इतवारी साहू मावली, पीलाराम शर्मा, नरेंद्र जायसवाल, महेश साहू, संतोष देवांगन, प्रवीण गोस्वामी, राजकुमार सोनी, मनोज सिन्हा, नरेश राय और यशवत टंडन का विशेष योगदान रहा।

## दीनदयाल कालोनी में बना कचरा संग्रहण केंद्र



**बेमेतरा।** जल जंगल जमीन के संरक्षण और स्वच्छता पर कार्य करते हुए दीनदयाल उपाध्याय कालोनी कंतेली बेमेतरा के उद्यान के लिए कचरा संग्रहण केंद्र बन गया। साथ ही पौधारोपण और प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किया। यह आयोजन जगदीश लाल भूतड़ा एवं मीडिया कर्मियों के आतिथ्य में हुआ। आयोजन में दिनेश दुबे, सुजीत शर्मा, शांति बाई भूतड़ा, कोमल सिंह ठाकुर, सुनील राजपूत, सुभाष चौबे, पवन वर्मा, दिनेश शर्मा, लक्ष्मी साहू, अजय भूतड़ा, मुकेश देवांगन देवरबीजा, मंजीत सलूजा आदि उपस्थित रहे।

## त्योहारों को देखते हुए टीआई ने ली कोटवारों की बैठक




**नवागढ़।** सोमवार को नवागढ़ थाना प्रभारी उप निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के कोटवारों की बैठक ली। बैठक में आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही गांवों में बाहरी लोगों की आवाजाही, असामाजिक तत्वों व अवैध कारोबारी में लिप्त लोगों एवं सोना-चांदी चमकाने के नाम पर ठगी करने वालों पर कड़ी नजर रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। टीआई श्री चंद्रवंशी ने कोटवारों को आपसी तालमेल व समन्वय स्थापित करने व बेहतर तरीके से सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने की बात कही। इस दौरान चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री व अन्य स्टाफ एवं थाना व चौकी क्षेत्रांतर्गत के ग्राम कोटवार उपस्थित रहे।

## प्रेक्षक प्रेम कुमार ने किया थानखम्हरिया व दाढ़ी दावा आपत्ति केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय के निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए नियुक्त प्रेक्षक

- पंचायतवार प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त कर उन्हें प्रशिक्षण देने के दिए निर्देश

प्रेम कुमार पटेल अपर कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ने सोमवार को जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर नामावली के पुनरीक्षण कार्य के प्रगति की जानकारी ली।

प्रेक्षक पटेल ने नगर पंचायत थानखम्हरिया एवं दाढ़ी में दावा आपत्ति केन्द्रों का निरीक्षण किया। निर्वाचक नामावली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने बेमेतरा में पंचायत निर्वाचन हेतु नामावली तैयार करने के लिए आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार ग्राम पंचायत की मतदाता सूची के प्रकाशन की तैयारी संबंधी कार्य की समीक्षा की।



पंचायतों में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को एवं 29 अक्टूबर तक दावा आपत्ति प्राप्त की जायेगी।

जिसके लिए पंचायतवार प्राधिकृत कर्मचारी नियुक्त कर उन्हे प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिये गये। नगरीय निकाय के निर्वाचक नामावली में दावा आपत्ति की अंतिम 23 अक्टूबर दोपहर 3.00 बजे तक निर्धारित थी, जिसमें एक सप्ताह की वृद्धि की गयी है। इस दौरान लायजीनिंग अधिकारी उमेश लहरी, नायब तहसीलदार एवं अन्य उपस्थित रहे।

